भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1907

03 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

बरपेटा में सोरभोग हवाई अड्डा

1907. श्री अब्दुल खालेक :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या द्वितीय विश्व युद्ध के समय बरपेटा जिले के सोरभोग में हवाई अड्डा था ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त हवाई अड्डे की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ग) क्या सरकार का उस स्थान पर हवाई अड्डे के पुनर्निर्माण या युद्ध स्मारक बनाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख): जी, हां । एयरपोर्ट 383.71 एकड़ भूमि में फैला हुआ है, जिसमें से 249.32 एकड़ भूमि बेकी नदी में नष्ट हो चुकी है । शेष भूमि पुराने अतिक्रमणाधीन है ।

(ग) और (घ): इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

******